<u>प्रेस नोट</u>
<u>साइबर थाना झाँसी</u>

<u>दिनाँक- 25.08.2026</u>

**Ø जनपद झाँसी पुलिस द्वारा साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**

**Ø साइबर सेल झाँसी द्वारा आवेदक के मोबाइल में मौजूद संदिग्ध APK फाइल को हटाकर संभावित साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से बचाया गया।**

**सादर अवगत कराना है कि** अपर पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उ0प्र0, लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम, जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम, झाँसी श्रीमती असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु लोगों, बच्चों एवं महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ साइबर अपराध से पीड़ित/आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक **25.08.2026** को साइबर सेल में आए आवेदक **श्री देवेन्द्र कुमार, निवासी ओल्ड पावर हाउस, एम0ई0एस0 कॉलोनी, जनपद झाँसी** द्वारा अवगत कराया गया कि उनके मोबाइल फोन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक कर लिया गया है। उक्त सूचना पर साइबर सेल में नियुक्त **का0 1020 शिवकान्त** द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई।

जाँच के दौरान आवेदक के मोबाइल फोन में एक **संदिग्ध APK फाइल** पायी गई, जिसे तत्काल हटाते हुए आवश्यक तकनीकी कार्रवाई की गई। साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप आवेदक को संभावित **साइबर वित्तीय धोखाधड़ी** से बचाया गया।

उक्त त्वरित कार्रवाई एवं सहयोग के लिए आवेदक **श्री देवेन्द्र कुमार** द्वारा झाँसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए **धन्यवाद पत्र** दिया गया।

**<u>कार्यवाही करने वाली टीम का विवरण</u>-**

1.प्र0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह यादव **(प्रभारी साइबर थाना)**
2.का0 शिवकान्त साइबर सेल, जनपद झाँसी

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद झाँसी**